# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# आत्मघाती हमले से फिर दहला पाक

**69** लोगों की मौत, 169 से अधिक लोग घायल | **11** नवम्बर को कोर्ट में आत्मघाती धमाका में 12 की मौत हुई थी

**पाक पीएम शहबाज शरीफ ने की घटना की निंदा**

**इस्लामाबाद, 06 फरवरी. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को एक शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान एक बड़ा फिदायीन हमला हुआ. सूत्रों के अनुसार इस बम ब्लास्ट में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है और 169 से अधिक लोग घायल हैं. घटना शहजाद टाउन के तरलाई इलाके में स्थित खदीजतुल कुबरा मस्जिद-कम-इमामबाड़ा में हुई. इसके पहले 11 नवम्बर को कोर्ट में आत्मघाती धमाका में 12 की मौत हुई थी.**




पुलिस के अनुसार एक सुसाइड बॉम्बर मस्जिद के गेट पर घुसने का प्रयास कर रहा था, जिसे रोकने के बाद उसने खुद को बम से उड़ा लिया. धमाके से मस्जिद के गेट की संरचना क्षतिग्रस्त हो गई और आसपास की इमारतों की खिड़कियां तक टूट गई. ब्लास्ट के बाद मलबा सड़क पर फैला नजर आया और मौके पर बचाव दल एवं पुलिस पहुंच गई. घायलों को फेडरल कैपिटल के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सीडीए अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां आपातकाल घोषित कर दिया गया है. यह हमला उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान हुआ. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना की कड़ी निंदा की और शोक व्यक्त किया.

इस्लामाबाद में ऐसे हमले पहली बार नहीं हुए हैं; लगभग तीन महीने पहले 11 नवंबर 2025 को भी जी 11 इलाके में डिस्ट्रिक्ट और सेशंस कोर्ट के बाहर आत्मघाती धमाका हुआ था, जिसमें 12 लोगों की मौत हुई थी.

## वार्षिक फास्टैग पास के छह माह में बने 50 लाख उपयोगकर्ता

**नयी दिल्ली, 06 फरवरी.** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि टोल प्लाजा पर आवागमन को सुगम बनाने के मकसद से शुरु किये गये फास्टैग वार्षिक पास ने छह माह में 50 लाख उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया है.

आधिकारिक सूचना के अनुसार इस योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2025 को हुई और इसके माध्यम से इस अवधि में 26.55 करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ है.




केंद्रीय बजट ने ओरेंज अर्थव्यवस्था को महत्व दिया है!

## अग्नि-3 का सफल परीक्षण, वारहेड रेंज 3,500 किमी तक

**ओडिशा, 06 फरवरी .** इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सफल परीक्षण किया गया. स्ट्रेटेजिक फोर्सेज कमांड ने इसे सफलतापूर्वक लॉन्च किया और रक्षा सूत्रों ने बताया कि परीक्षण में सभी ऑपरेशनल व तकनीकी पैरामीटर सही पाए गए. अग्नि-3 भारत की मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है. यह दो-चरणीय ठोस ईंधन वाली मिसाइल है और इसमें 1.5 टन तक का परमाणु या पारंपरिक वारहेड ले जाने की क्षमता है. इसकी अधिकतम रेंज 3,500 किमी बताई जाती है.

## होली पर चलेंगी 1,410 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली , 06 फरवरी. भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए अपने नेटवर्क पर 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है, जो आवश्यकतानुसार 1,500 तक बढ़ सकती हैं. ये ट्रेनें मार्च में चलेंगी और प्रमुख गंतव्यों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगी. पिछले वर्ष 2025 में 1,144 होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन हुआ था.**



रेल मंत्रालय के बयान के अनुसार, विभिन्न जोनों में सबसे अधिक 285 ट्रेनों का संचालन पूर्व मध्य रेलवे करेगा. पश्चिम रेलवे 231 और मध्य रेलवे 209 होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगा. दक्षिण मध्य रेलवे 160, उत्तर रेलवे 108 और उत्तर पश्चिम रेलवे 71 ट्रेनें संचालित करेगा.

# सरकार हर हाल में उद्योगों के साथ

## नई इकाइयों को जमीन और नियमों में बड़ी राहत : सीएम यादव

**इंदौर, 06 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगपतियों को किसी भी परिस्थिति में चिंता करने की जरूरत नहीं है. सरकार नए उद्योगों को जमीन, नियमों में सरलता और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है और उद्योग बंद होने की स्थिति में भी नुकसान नहीं होने दिया जाएगा.**



उन्होंने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है और उद्योगपतियों व श्रमिकों के हितों की रक्षा करेगी. हुकुमचंद मिल का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार ने पहल कर करीब सात हजार मजदूरों को उनकी मेहनत की राशि दिलवाई. इंदौर में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी ग्रेनेक्स इंडिया-2026 के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में भी किसी उद्योग में ऐसी स्थिति बने तो सरकार जिम्मेदारी निभाएगी. ग्रेनेक्स इंडिया-2026 का आयोजन ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वावधान में 6 से 8 फरवरी तक बीएपीएस श्री स्वामी नारायण अक्षरधाम मंदिर परिसर में किया जा रहा है. प्रदर्शनी में चीन, तुर्की, स्पेन, ताइवान सहित कई देशों की दाल, अनाज और फूड प्रोसेसिंग मशीनरी का प्रदर्शन हो रहा है. ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि देशभर की लगभग 2300 दाल मिल इंडस्ट्री में से 1300 बंद हो चुकी हैं.

( शेष पेज 12 पर )




**वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास**

**15** चौके | **15** छक्के

**55** गेंद पर शतक | **80** बॉल में 175 रन

(विस्तृत खबर खेल पेज पर)

### एक नजर में



#### पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में 3 ढेर

**गढ़चिरौली.** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के अबूझमाड़ जंगल क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. शुक्रवार सुबह अभियान के दौरान दो अन्य माओवादियों के शव बरामद किए गए, जिनमें एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं. इसके साथ ही मौके से एक एके-47 और एक एसएलआर राइफल भी जब्त की गई है.

#### टी-20 विश्व कप के पहले दिन आज 3 मैच

**कोलंबो.** 2026 टी20 विश्व कप का आगाज कल यानी शनिवार, 7 फरवरी से होगा. फैंस इस वैश्विक टूर्नामेंट के शुरू होने के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. टी20 विश्व कप के पहले ही दिन तीन मैच हैं. दिलचस्प बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही पहले दिन एक्शन में दिखेंगे. पहले दिन के तीन मुकाबले खेले जाएंगे. पहला मैच पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच खेला जाएगा. यह मैच श्रीलंका के कोलंबो में खेला जाएगा.

## आपदा हो या सीमा बीएसएफ हमेशा आगे

**नई दिल्ली, 06 फरवरी। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे के दौरान राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बोबिया बीओपी स्थित शहीद स्मारक 'अजेय प्रहरी' पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों के अदम्य साहस और शौर्य को नमन किया। शाह ने कहा कि आपदा हो या सीमा बीएसएफ हमेशा आगे है.**



गृह मंत्री ने कहा कि जवानों का त्याग, समर्पण और राष्ट्र सेवा की भावना न केवल सशस्त्र बलों, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरणीय बताते हुए कहा कि राष्ट्र उनकी सेवा का ऋणी रहेगा। श्रद्धांजलि के बाद अमित शाह ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित गुरनाम बॉर्डर आउट पोस्ट का दौरा किया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण हालात में तैनात जवानों से मुलाकात कर उन्होंने सीमा सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लिया और जवानों से संवाद किया। इस दौरान गृह मंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी जिस साहस, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ जवान देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, उस पर पूरे देश को गर्व है।

## लोकसभा में विपक्षी हंगामे के बीच कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

**नई दिल्ली, 06 फरवरी.** लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को विपक्ष के लगातार हंगामे के कारण 9 फरवरी तक स्थगित कर दी गई. प्रश्नकाल की शुरुआत होते ही विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी और प्लेकार्ड लेकर सदन के बीचोंबीच आ गए. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि बजट सत्र में अब तक सदन के 19 घंटे 13 मिनट हंगामे की भेंट चढ़ चुके हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि सदन में चर्चा और संवाद के लिए सांसद भेजे गए हैं, न कि नारेबाजी और पोस्टर के लिए.

## नेटफ्लिक्स और निर्माता पर एफआईआर

- 'घूसखोर पंडत' का टाइटल-प्रमोशन हटाने का निर्देश दिया
- ब्राह्मण समाज ने इसे घोर अपमानजनक बताया

**नई दिल्ली, 06 फरवरी . पांडे निर्देशित और मनोज बाजपेयी अभिनीत नेटफ्लिक्स की फिल्म 'घूसखोर पंडत' के टाइटल और टीजर को लेकर देश भर में विवाद तेज हो गया है. ब्राह्मण समाज ने इसे अपमानजनक बताया और कई राज्यों में रिलीज पर रोक की मांग उठी. उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखनऊ के हजरतगंज थाने में नेटफ्लिक्स और मेकर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है.**



इस बीच दिल्ली हाईकोर्ट ने अधिवक्ता विनीत जिंदल की याचिका पर सुनवाई करते हुए फिल्म के नाम और उससे जुड़ी सभी प्रचार सामग्री को सभी प्लेटफॉर्म से हटाने का निर्देश दिया है. निर्देशक नीरज पांडे ने विवाद पर सफाई देते हुए कहा कि यह एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है और 'पंडित' शब्द का उपयोग केवल एक पात्र के नाम के रूप में किया गया है.

### केंद्र सरकार तुरंत प्रतिबंध लगाए : मायावती

उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी में ही नहीं, बल्कि अब फिल्मों में भी 'पंडित' को घूसखोर बताकर पूरे देश में इनका अपमान और अनादर किया जा रहा है. इससे समूचे ब्राह्मण समाज में जबरदस्त रोष व्याप्त है. बसपा इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है. ऐसी जातिसूचक फिल्म पर केंद्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए.

**परीक्षा पर चर्चा** | परीक्षा में सफलता की गारंटी आत्मविश्वास होता है, हड़बड़ी नहीं : मोदी

# पढ़ाई का पैटर्न बनाएं, सलाह सुनें पर तरीका खुद चुनें

**नई दिल्ली, 06 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाई के लिए एक महत्वपूर्ण मंत्र दिया. उन्होंने कहा कि पढ़ाई का तरीका हर व्यक्ति का अलग होता है और छात्रों को अपने पैटर्न के अनुसार पढ़ना चाहिए. सबकी सलाह सुननी चाहिए, लेकिन अपना तरीका तभी बदलें जब आपको खुद से फायदा नजर आए.**



गुजरात की एक छात्रा ने सवाल किया कि परीक्षा के समय परिवार और शिक्षक अलग-अलग पैटर्न समझाते हैं, जबकि छात्र का अपना तरीका होता है. इस पर पीएम मोदी ने कहा कि यह पैटर्न जीवनभर चलता है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री बन गए, फिर भी लोग उन्हें अलग-अलग तरीके से काम करने को कहते हैं, लेकिन हर किसी का अपना तरीका होता है. पीएम मोदी ने बच्चों को उसी अंदाज में समझाते हुए कहा कि जब परिवार साथ में खाना खाता है, तो हर किसी का खाने का पैटर्न अलग होता है. कोई सब्जी से शुरुआत करता है, कोई दाल से, कोई दोनों मिलाकर. जब वे अपने पैटर्न के अनुसार खाते हैं, तभी उन्हें आनंद आता है. इसी तरह पढ़ाई में भी कुछ लोग सुबह बेहतर पढ़ते हैं, कुछ रात में. इसलिए अपनी आदतों पर भरोसा रखें.

### पीएम मोदी का दो दिवसीय मलेशिया दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मलेशिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे. इस यात्रा को लेकर मलेशिया में रह रहे प्रवासी भारतीयों में जबरदस्त उत्साह है, खासकर उन कलाकारों में जो पीएम मोदी के स्वागत में अपनी कला प्रस्तुत करेंगे. भारतीय मूल के प्रदीप बत्रा ने कहा कि वे 10 साल बाद प्रधानमंत्री को सामने से देखेंगे और यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण होगा.

## गन कल्चर रोकने के लिए 'ऑपरेशन शस्त्र' शुरू

**नई दिल्ली, 06 फरवरी. देश की राजधानी में हथियार दिखाकर वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर गन कल्चर फैलाने वालों के खिलाफ यह अभियान दिल्ली पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी मुहिम मानी जा रही है. इसके लिए 500 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें लगभग 2000 पुलिसकर्मी शामिल हैं.**



'ऑपरेशन शस्त्र' के तहत 61 एफआईआर, 69 गिरफ्तार

ऑपरेशन के तहत अब तक 61 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 67 लोग गिरफ्तार हुए हैं, जिनमें 15 नाबालिग भी शामिल हैं. पुलिस ने 69 हथियार, 93 जिंदा कारतूस और 13 चाकू जब्त किए हैं. साथ ही सोशल मीडिया पर गन दिखाकर दहशत फैलाने वाले करीब 6000 अकाउंट्स को स्कैन कर कार्रवाई की गई है.